आजादी का अमृत महोत्सव के तहत डीएसआईआर और उसके हितधारकों द्वारा गतिविधियां

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 15 नवंबर,2021 तक निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

तिथि	शीर्षक	संगठन
2 नवंबर, 2021	डीएसआईआर ने आजादी का अमृत महोत्सव और स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के लिए वृक्षारोपण गतिविधि का आयोजन किया।सचिव, डीएसआईआर, संयुक्त सचिव, डीएसआईआर और डीएसआईआर के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने प्रौद्योगिकी भवन के नए भवन के परिसर में पौधा रोपड़ किया गया।	डीएसआईआर
नवंबर, 2021	आईआईटी, खड़गपुर में सीआरटीडीएच टीम ने मोटर आधारित फ्लोटिंग हेल्थ क्लिनिक और सुंदरबन के एक प्राथमिक विद्यालय में एनीमिया का पता लगाने के लिए शिविर का आयोजन किया। सुंदरबन में प्वाइंट-ऑफ-केयर डिवाइस का उपयोग करके एनीमिया के लिए 50 रोगियों का परीक्षण किया गया	डीएसआईआर - सीआरटीडीएच-आईआईटी खड़गपुर
नवंबर, 2021	सुंदरबन में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को फ्लोटिंग हेल्थ क्लिनिक से ई-परामर्श देने के लिए प्राथमिक देखभाल सॉफ्टवेयर का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। उन्हें विभिन्न आईटी उपकरणों और शारीरिक परीक्षाओं का उपयोग करने के लिए भी प्रशिक्षित किया गया था।	डीएसआईआर - सीआरटीडीएच-आईआईटी खड़गपुर
9 और 10 नवंबर 2021	सीएसआईआर-इंटीग्रेटिव स्किल इनिशिएटिव प्रोग्राम के तहत पर्यावरण निगरानी इंटरवेंशन हब द्वारा सहायता प्राप्त दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक था "प्रदूषण प्रभावों का पता लगाने के लिए सांख्यिकी और सॉफ्टवेयर मॉडल का अनुप्रयोग"। प्रोफेसर एस .के बारिक ने 9	डीएसआईआर - आईआईटीआर-सीआरटीडीएच

	नवंबर, 2021 को कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उन्होंने पर्यावरण अध्ययन के लिए सांख्यिकीय और कम्प्यूटेशनल उपकरणों के महत्व पर जानकारी दी।	
नवंबर , 2021	सामुदायिक स्तर पर बलपई,पश्चिम बंगाल में कोविड-19 का शीघ्र पता लगाने के लिए कोविराप उपकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।	डीएसआईआर - सीआरटीडीएच-आईआईटी खड़गपुर
नवंबर, 2021	3एमएसएमई के 5 प्रतिनिधियों को सीआरटीडीएच प्रयोगशाला में विकसित हीमोग्लोबिन और प्लाज्मा शुगर डिटेक्शन डिवाइस के लिए कागज आधारित कार्ट्रिज बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया।	डीएसआईआर - सीआरटीडीएच-आईआईटी खड़गपुर